Seat No. : ___________

MA-23

Hindi-I (Subsidiary)

(आधुनिक हिन्दी गद्य)

Time : 3 Hours] **[Total Marks: 100**

१. संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : **(३०)**

(अ) "ब्राह्मण न किसी राज्य में रहता है और न किसी के अन्न से पलता है, स्वराज्य में विचरता है और अमृत होकर जीता है । यह तुम्हारा मिथ्या गर्व है । ब्राह्मण सब कुछ सामर्थ्य रखने पर भी स्वेच्छा से इन मायास्तूपों को ठुकरा देता है । प्रकृति के कल्याण के लिए अपने ज्ञान का दान देता है ।"

अथवा

(अ) "मुझे पता है मैं एक कीड़ा हूँ जिसने अन्दर ही अन्दर इस घर को खा लिया है।.. पर अब पेट भर गया है मेरा । हमेशा के लिए भर गया है और बचा भी क्या है, जिसे खाने के लिए और रहता रहूँ यहाँ ?"

(ब) "राजा जनक की तरह संसार में रहकर, संपूर्ण भोगों को भोगकर भी उनसे मुक्त हैं । जनक की ही भाँति वह घोषणा करता है – "मैं स्वार्थ के लिए अपने मन को सदा दूसरे के मन में घुसाता नहीं फिरता, इसीलिए मैं मन को जीत सका हूँ, उसे वश में कर सका हूँ ।"

अथवा

(ब) "कालिन्दी ने बच्चे को गोद में लेकर अच्छी तरह ढंक दिया और काँपते कण्ठ से कहा, "खड़े क्या हो ? गाड़ी लेकर जाओ और कहीं बेचकर दवा ले आओ ।"

(क) "मुझे विश्वास है कि विद्रोही बनते नहीं, उत्पन्न होते हैं । विद्रोह-बुद्धि परिस्थितियों से संघर्ष की सामर्थ्य जीवन की क्रियाओं से, परिस्थितियों के घात-प्रतिघात से नहीं निर्मित होती । वह आत्मा का कृत्रिम परिवेष्टत नहीं है, उसका अभिन्नतम अंग है ।"

अथवा

(क) "गाँव के लोग बड़े सीधे दीखते हैं ; सीधे का अर्थ यदि अपढ़, अज्ञानी और अन्धविश्वासी हो तो वास्तव में वे सीधे हैं । जहाँ तक सांसारिक बुद्धि का सवाल है, वे हमारे और तुम्हारे जैसे लोगों को दिन में पाँच बार ठग लेंगे ।"

२. 'चन्द्रगुप्त' नाटक के आधार पर चाणक्य की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए । **(१५)**

अथवा

२. ऊषा प्रियंवदा की कहानियों में पारिवारिक संबंधों और मूल्यों के विघटन के स्वर मुखरित हैं - 'वापसी' कहानी के आधार पर प्रस्तुत कथन की चर्चा कीजिए ।

३. “ ‘आधे-अधूरे’ मध्यवर्गीय परिवार की एक ऐसी त्रासदी है जिसमें घुटन है, बेचैनी है, दर्द है” – चर्चा कीजिए । **(१५)**

अथवा

३. ‘कुटज’ निबंध संग्रह की विशेषताएँ स्पष्ट करते हुए सिद्ध कीजिए कि आचार्य हज़ारीप्रसाद द्विवेदी एक सफल निबंधकार हैं ।

४. संक्षेप में लिखिए : **(२०)**

(अ) ‘राष्ट्रीय संकट और हमारा दायित्व’ निबंध का कथ्य ।

अथवा

(अ) ‘ज़िन्दगी और गुलाब के फूल’ कहानी में सुबोध ।

(ब) फणीश्वरनाथ ‘रेणु’ की भाषा-शैली ।

अथवा

(ब) ‘मैला आँचल’ - शीर्षक की सार्थकता ।

(क) ‘आधे-अधूरे’ का महेन्द्रनाथ

अथवा

(क) चंद्रगुप्त का चरित्र ।

(ड) ‘शेखर एक जीवनी’ में व्यक्ति स्वातंत्र्य की खोज ।

अथवा

(ड) हजारी प्रसाद की शैली ।

५. (अ) एक वाक्य में उत्तर लिखिए : **(५)**

(१) महेन्द्रनाथ और सावित्री की छोटी बेटी का नाम क्या है ?

(२) चाणक्य की बालसखी का नाम क्या है ?

(३) ‘शेखर एक जीवनी’ के उपन्यासकार का पूरा नाम क्या है ?

(४) गाँव मेरीगंज में प्रमुख तीन टोली कौन-कौन सी हैं ?

(५) ‘शिवालिक शृंखला’ किसे कहते हैं ?

(ब) सही विकल्प चुनकर वाक्य फिर से लिखिए : **(१०)**

(१) चन्द्रगुप्त के भारत सम्राट होने की भविष्यवाणी ________ करते हैं ।
(चाणक्य, वररुचि, दाण्डयायन)

(२) प्रसादजी ने अक्षलेन्द्र नाम ________ को दिया है ।
(पर्वतेश्वर, सिल्यूकस, सिकंदर)

(३) मोहन राकेश किस पत्रिका के संपादक रह चुके थे ?
(हंस, सारिका, धर्मयुग)

(४) इनमें से कौन सी रचना मोहन राकेश की नहीं है ?
(लहरों का राजहंस, अंडे के छिलके, आकाशदीप)

(५) ‘मैला आँचल’ ________ प्रकार का उपन्यास है ।
(मनोवैज्ञानिक, ऐतिहासिक, आँचलिक)

(६) हिन्दी को पूरे राष्ट्र की राष्ट्रभाषा बनाने का उद्देश्य देश को ________ बनाना है ।

(धन सम्पन्न, आत्मनिर्भर, विचार सम्पन्न)

(७) 'मोहबन्ध' में अचला की सखी का नाम ________ है ।

(ममता, रेणु, नीलू)

(८) 'कुटज' का अर्थ है ________ पेड़ ।

(सूखा, विशाल, हरा-भरा)

(९) 'छुट्टिकादिन' कहानी की नायिका माया ________ है ।

(नौकरानी, क्लर्क, अध्यापिका)

(१०) 'मैला आँचल' का प्रमुख नारी पात्र ________ है ।

(लछमी, कमला, ममता)

(क) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : **(५)**

(१) अरुण यह ________ देश हमारा ।

(२) शेखर एक जीवनी ________ शैली का उपन्यास है ।

(३) सेवादास ________ उपन्यास का पात्र है ।

(४) चाणक्य का असली नाम ________ है ।

(५) 'जाले' कहानी की नायिका का नाम ________ है ।